## झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021-2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र सेट-2

| कक्षा- 09 | विषय- हिंदी 'ए' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

किसी भी काम को जब हम समय पर पूरा करते हैं, तब उसका महत्व अधिक बढ़ जाता है। चिड़िया द्वारा खेत चुग जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा करने की व्यवस्था करता है, तो वह उपहास का पात्र बन जाता है। उसके देर से किए गए प्रयास बेकार हो जाते हैं। परिश्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों का जल कृषक की फसल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ है। अवसर का सदुपयोग नहीं करने वाले व्यक्ति को बाद में पछताना पड़ता है।

01. काम का महत्व बढ़ जाता है जब -

A. उसको भाग्य के भरोसे छोड़ दिया जाए

B. जब हम समय पर काम को पूरा कर देते हैं

C. जब उसे टाल दिया जाए

D. जब काम को नहीं किया जाए

02. खेत का रखवाला उपहास का पात्र कब बनता है?

A. जब खेत में पौधे नहीं उगते B. खेत की रखवाली करता है

C. चिड़ियों का इंतजार करने पर D. जब वह खेत में काम करता है

03. परिश्रम का गौरव किसमें है?

A. जब प्रयास विफल हो जाए
B. जब हानि उठानी पड़े
C. जब उसका लाभ किसी को मिल सके
D. जब परिश्रम ना करना पड़े

04. बादल का बरसना कब बेकार है?

A. जब गर्मी शांत हो जाए
B. फसल को लाभ ना पहुंचे
C. किसान खुश हो जाए
D. नदी-तालाब भर जाए

05. किसान का पर्यायवाची शब्द है-

A. जवान
B. मजदूर
C. कृषक
D. रखवाला

**निर्देश:- प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

सच है, विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सुरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं
काँटों में राह बनाते हैं।
मुख से न कभी उफ़ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग-निरत नित रहते हैं,
शूलों का मूल नसाने को,
बढ खुद विपत्ति पर छाने को,
है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके वीर नर के मग में
खम ठोक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।

06. विपत्ति आने पर कौन डरते हैं?

A. सूरमा
B. कायर
C. दयालु
D. वीर

07. विपत्ति आने पर कौन विचलित नहीं होते?

A. सूरमा B. कायर

C. डरपोक D. दुखी

08. पत्थर पानी कब बन जाता है ?

A. जब मानव जोर लगाता है B. जब कायर भाग जाते हैं

C. जब मानव भाग जाता है D. जब मानव मेहनत न करें

09. 'शूल' का पर्यायवाची लिखे--

A. फूल B. पत्ती

C. फल D. काँटा

10. 'मानव' शब्द का विलोम है -

A. मनुष्य B. जानवर

C. दानव D. देवता

**खंड-ख (व्याकरण)**

11. 'सुगंध' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

A. शु B. सू

C. सु D. शू

12. जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जोड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं उसे कहते हैं-

A. उपसर्ग B. प्रत्यय

C. संधि D. समास

13. 'पानी' शब्द का पर्यायवाची है?

A. नदी B. अग्नि

C. जल D. बादल

14. निम्न में से सही श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द-युग्म कौन-सा है?

A. अन्य- दूसरा; अन्न- अनाज

B. अन्य- अनाज अन्न- अनाज

C. अन्य- भोज अन्न- भोजन

D. अन्य- भोजन अन्न- भोज

15. 'घी के दीए जलाना' मुहावरे का सही विकल्प है-

A. घी बर्बाद करना B. दुखी होना

C. खुशी मनाना D. कोई नहीं

16. 'राम प्रतिदिन विद्यालय जाता है'- रचना के आधार पर वाक्य भेद बताएं?

A. सरल B. संयुक्त

C. मिश्र D. योगरूढ़

17. 'मोहन गाता है और राधा नाचती है'- A रचना के आधार पर वाक्य भेद है-

A. सरल B. संयुक्त

C. मिश्र D. मिश्रित उपवाक्य

18. शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं वे -----कहलाते हैं-

A. विशेष्य B. विशेषण

C. प्रविशेषण D. क्रिया विशेषण

19. लड़का अच्छा है और लड़की----- है लिंग बदल देने पर विशेषण क्या होगा?

A. अच्छा B. अच्छी

C. अच्छे D. अच्छाइयाँ

20. 'लड़का लंबा है'-- इस वाक्य का वचन बदल देने पर वाक्य होगा-

A. लड़की लंबी है B. लड़कियाँ लंबी है

C. लड़के लंबे हैं D. लड़का की लंबाई

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:- प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21-25 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

संतौं भाई आई ग्याँन की आँधी रे।
भ्रम की टाटी सबै उड़ानी, माया रहे न बाँधी।।
हिति चित्त की द्वै थूनी गिराँनी, मोह बलिंडा तूटा।
त्रिस्नाँ छाँनि परि घर ऊपरि, कुबधि का भाँडां फूटा।।
जोग जुगति करि संतौं बाँधी, निरचू चुवै न पाँणी
कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी।।
आँधी पीछै जो जल बूठा, प्रेम हरि जन भींनाँ।
कहै कबीर भाँन के प्रगटे उदित भया तम खीनाँ।।

21. प्रस्तुत पद के रचनाकार कौन है?

A. सूरदास B. कबीरदास

C. तुलसीदास D. रैदास

22. ज्ञान की आँधी का भक्तों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. मनुष्य का भ्रम दूर हो जाता है B. माया से छुटकारा मिल जाता है

C. मनुष्य की अज्ञानता दूर हो जाती है D. उपर्युक्त सभी

23. 'भ्रम' का अर्थ है -

A. छाया B. माया

C. शंका D. कष्ट

24. हिति चित्त की द्वै थूंनी गिरानी मोह बलिंडा तूटा' से कवि क्या कहना चाहता है?

A. भ्रम नहीं टूट पाया B. स्वार्थ और मोह दोनों समाप्त हो गए

C. स्वार्थ और मोह समाप्त नहीं हुए D. मन निर्मल नहीं हो पाया

25. 'तम' का पर्यायवाची है-

A. रोशनी B. अंधेरा

C. उजाला D. भ्रम

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

26. कबीर की मृत्यु कब और कहां मानी जाती है?

A. 1518 ई.मगहर में B. 1518 ई. काशी में

C.1398ई. काशी में D. 1398 ई.मगहर में

27. .कबीर किसमें विश्वास करते थे?

A. राम और रहीम की एकता में B. धर्म में

C. जाति-पाति में D. मंदिर-मस्जिद में

28. 'मुक्ताफल' का क्या अर्थ है?

A. मोती B. हीरा

C. सोना D. चाँदी

29.कबीर ने 'हस्ती' किसे कहा है?

A. संसार को B. ज्ञान को

C. अज्ञान को D. मूर्खों को

30. साधु किस की निंदा करते हैं?

A. सज्जनों की B. दुर्जनों की

C. गरीबों की D. अमीरों की

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 31-35 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

झुरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती ।दोनों पछाईं जाति के थे-देखने में सुंदर, काम में चौकस,डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक-भाषा में विचार- विनिमय करते थे।एक,दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था,हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है ।

31.प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से है?

A. दो बैलों की कथा B. ल्हासा की ओर

C. उपभोक्तावाद की संस्कृति D. सांवले सपनों की याद

32. दोनों बैलों के नाम थे--

A. झूरी और काछी B. हीरा और मोती

C. गया और भैरौ D. सोना और रूपा

33. बैल किस जाति के थे

A. देसी B. देहाती

C. पहाड़ी D. पछाही

34. दोनों बैल एक-दूसरे से विचार-विनिमय कैसे करते थे?

A. बोलकर B. लिखकर

C. मूकभाषा D. मुख्य भाषा में

35. साथ रहते-रहते दोनों बैलों में क्या हो गया था?

A. घृणा B. भाईचारा

C. नफरत D. दुख

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

36. ल्हासा की ओर पाठ के लेखक कौन हैं?

A. प्रेमचंद B. राहुल सांकृत्यायन

C. जाबिर हुसैन D. महादेवी वर्मा

37. लेखक के साथ दूसरा व्यक्ति कौन था? 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर बताएं।

A. सुमित B. सुमति

C. सुमिति D. सुमंत

38. 'मैं अब पुस्तकों के भीतर था'- नीचे दिए गए विकल्पों में कौन सा सही है

A .लेखक पुस्तकों की सेल्फ के भीतर चला गया

B. लेखक के चारों ओर पुस्तके ही थी

C. पुस्तक में लेखक का परिचय और चित्र छपा था

D. लेखक पुस्तकें पढ़ने में रम गया

39. साँवले सपनों की याद पाठ में लेखक ने किस प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी का चित्र प्रस्तुत किया है?

A. साबिर अली B. सालिम अली

C. मोहम्मद अली D. सुभान अली

40. सालिम अली की पत्नी का नाम क्या था?

A. तमन्ना B. तहमीना

C. तबस्सुम D. तस्लीमा

*****